## खबर संक्षेप

### नवागत सीईओ जिला पंचायत ने किया पदभार ग्रहण



**शहडोल।** नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति ने जिला पंचायत कार्यालय शहडोल का पदभार ग्रहण लिया है। उन्होंने जिला पंचायत के अधिकारियो एवं कर्मचारियो से परिचय प्राप्त कर विभिन्न विषयो पर चर्चा की। ज्ञात हो कि नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति वर्ष 2021 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी है। इसके पूर्व आप जिला खंडवा के पुनासा विकासखंड में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पद पर पदस्थ थे।

### जबलपुर राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव में उमड़ेगा उत्साह अधिवक्ताओं ने जताई भागीदारी की तैयारी



**शहडोल।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के आगामी चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। प्रदेश भर से अधिवक्ता प्रतिनिधि सदस्य इस चुनाव में भागीदारी निभाने की तैयारी में जुट गए हैं। जनपदों सहित अन्य स्थानों के अधिवक्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया में जनसंपर्क प्रारंभ कर दिया है। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर का निर्वाचन वर्ष 2018-19 से नियमित रूप से होता आ रहा है। इस बार भी जबलपुर के साथ-साथ अन्य जिलों से निर्वाचित प्रतिनिधियों की भागीदारी तय है। अधिवक्ता संघों के अध्यक्षों ने स्पष्ट किया है कि अधिवक्ताओं को अब अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी, ताकि छोटे जिलों से लेकर बड़े नगरों तक अधिवक्ताओं के हित सुरक्षित रह सकें। बुढ़ार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ताओं को इस बार व्यापक स्तर पर अपनी भागीदारी निभानी होगी। अधिवक्ताओं की मांग है कि तहसील स्तर तक अधिवक्ता प्रतिनिधियों का निर्वाचन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की समस्याओं और मांगों को परिषद स्तर तक पहुंचाना प्राथमिकता होगी। अधिवक्ता जयकांत मिश्रा ने प्रदेश के अधिवक्ताओं से अपील की है कि वे एकजुट होकर आगामी चुनाव में भाग लें और अधिवक्ता परिषद को सशक्त बनाएं। उनका कहना है कि अधिवक्ता परिषद केवल चुनाव की औपचारिकता न बनकर, अधिवक्ताओं की आवाज और हितों का सशक्त मंच बने। बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक अधिवक्ताओं की समस्याएं समान हैं, जिन्हें केवल एकजुट होकर ही समाधान मिल सकता है।

## शहर बंद आंदोलन ने दिखाई जनआवाज़

# नगर पालिका की सुस्ती और कुप्रबंधन के खिलाफ सड़कों पर व्यापारी

शहडोल।

शुक्रवार को शहडोल का बाजार सिर्फ बंद नहीं रहा, बल्कि शहर की गलियों में लोगों के सब्र का बांध टूट गया। जिला व्यापारी संघ के आह्वान पर हुए सांकेतिक बाजार बंद ने यह साफ कर दिया कि अब व्यापारी समुदाय नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लडऩे को तैयार है। सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक शहर की अधिकांश दुकानें, प्रतिष्ठान, होटल, जूते-कपड़ों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स तक—सब कुछ बंद रहा। केवल दवा दुकानें और पेट्रोल पंप खुले रहे ताकि आम जनता को असुविधा न हो। चाय, पान, फल-सब्जी, छोटे दुकानदार—हर कोई इस आंदोलन में शामिल था। सुबह 10 बजे न्यू बस स्टैंड से व्यापारी और नागरिक एकत्र हुए और 'नागरिक अधिकार न्याय यात्रा' के रूप में शहर की सडक़ों पर निकले। यह यात्रा बलपुरा रोड से इंद्रा चौक, गांधी चौक, पुराना नगरपालिका चौक, अंबेडकर चौक होते हुए जय स्तंभ चौक तक पहुंची, जहां कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर व्यापारियों ने नगर के बेतरतीब विकास और बिगड़ी व्यवस्थाओं को लेकर जोरदार नारेबाजी की।





### खस्ताहाल सडक़ों पर गुस्सा फूटा

व्यापारियों की पहली और सबसे बड़ी शिकायत नगर की टूटी-फूटी सडक़ों को लेकर रही। शहर के हर प्रमुख मार्ग—चौक बाजार, गांधी चौक, बलपुरवा रोड, जय स्तंभ और पुराना नगरपालिका क्षेत्र—सब जगह सडक़ें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। हालात ऐसे हैं कि बरसात में इन गड्ढों में नालियों का पानी भर जाता है और वाहन चलाना मुश्किल हो जाता है। व्यापारी संघ का कहना है कि वर्षों से मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है, लेकिन स्थायी सुधार कभी नहीं हुआ।

### वाहन पार्किंग की अव्यवस्था ने बढ़ाई मुसीबत

व्यापारियों ने बताया कि नगर पालिका ने आज तक किसी भी प्रमुख बाजार में व्यवस्थित पार्किंग की योजना नहीं बनाई। बिना दिशा-निर्देश के वाहन सडक़ों पर खड़े रहते हैं, जिससे आए दिन जाम लगते हैं। ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पाते, और इससे कारोबार पर सीधा असर पड़ता है। व्यापारी संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता ने कहा नगर प्रशासन के पास योजनाएं हैं, लेकिन अमल का अभाव है। जब व्यापार ठप होगा, तो विकास की बात करना बेमानी है।



### बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे

व्यापारियों की तीसरी बड़ी शिकायत शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रही। उन्होंने बताया कि नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगाए गए ट्रैफिक सिग्नल महीनों से बंद हैं। वहीं, सुरक्षा और निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी शोपीस बन चुके हैं। इससे न सिर्फ ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है, बल्कि चोरी और सडक़ अपराधों में भी बढ़ोतरी हुई है।

### आवारा पशुओं से बढ़ रहा खतरा

आवारा पशुओं का आतंक शहरवासियों के लिए नई मुसीबत बन गया है। व्यापारी संघ ने कहा कि नगर पालिका के पास न तो गोशाला का ठोस प्रबंधन है, न ही पशुओं की पकडऩे की कोई सक्रिय व्यवस्था। नतीजतन, बाजारों में दिनभर गाय-बैल घूमते रहते हैं और कई बार दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। पिछले महीने ही आवारा पशु से टकराकर एक स्कूली छात्र घायल हुआ था।

### नगर पालिका की सुस्ती पर तीखी प्रतिक्रिया

व्यापारी संघ ने नगर पालिका प्रशासन की कार्यशैली को 'सुस्त, असंवेदनशील और जवाबदेही से परे' बताया। संघ ने कहा कि नगर पालिका में फाइलें महीनों तक धूल खाती रहती हैं, शिकायतों पर कोई जवाब नहीं मिलता और सफाई, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाएं लगातार बदहाल हैं। शहर विकास की बातें सिर्फ बैठकों में होती हैं, ज़मीन पर कुछ नहीं दिखता, व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा।

### मॉडल रोड निर्माण पर आपत्ति

व्यापारी संघ ने बलपुरवा रोड से बुढ़ार चौक तक प्रस्तावित मॉडल रोड निर्माण परियोजना पर भी कड़ा विरोध दर्ज किया है। उनका कहना है कि इस परियोजना में पहले भी बिना संवाद के अतिक्रमण नोटिस जारी किए गए थे, जिससे कई पट्टेदार व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। अब फिर से वही गलती दोहराई जा रही है। संघ ने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी बिना चर्चा और व्यापारिक हितों को ध्यान में रखे कार्य शुरू हुआ, तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा।

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में साफ कहा गया कि व्यापारी विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास का मतलब संवाद और सहभागिता से होना चाहिए। उन्होंने कलेक्टर से मांग की कि किसी भी बड़े प्रोजेक्ट या निर्माण कार्य से पहले व्यापारी संघ से चर्चा की जाए और नुकसान झेलने वालों के लिए उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाए।

### अब और नहीं सहेंगे अनदेखी

व्यापारी संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता ने कहा हम समझते हैं कि विकास आवश्यक है, परंतु यह व्यापारिक समुदाय की राय और हितों के साथ होना चाहिए। प्रशासन को यह समझना होगा कि बिना व्यापार के कोई भी शहर जिंदा नहीं रह सकता। हम अतिक्रमण नोटिस और एकतरफा निर्णयों के खिलाफ हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने इस आंदोलन को हल्के में लिया, तो आगामी दिनों में अनिश्चितकालीन बाजार बंद का निर्णय लिया जा सकता है।

### जनता का समर्थन, प्रशासन की खामोशी

इस आंदोलन को आम नागरिकों का भी अप्रत्याशित समर्थन मिला। हर वर्ग—छोटे व्यापारी, ठेला संचालक, रिक्शा चालक से लेकर सामान्य ग्राहक तक—ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं आई है। नगर पालिका के अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है, जिससे शहर में और नाराजगी फैल रही है। शहडोल का यह सांकेतिक बंद अब एक संकेत बन गया है, शहर बदलाव चाहता है और इस बार आवाज सिर्फ व्यापारियों की नहीं, बल्कि पूरे नागरिक समाज की है। नगर पालिका की निष्क्रियता के खिलाफ यह पहला बड़ा जनआंदोलन है, जिसने साफ कर दिया है कि अब जनता केवल वादे नहीं, परिणाम चाहती है।

# दुर्गा विसर्जन जुलूस में चाकूबाजी

### बदमाश ने पुलिस कर्मी पर किया हमला, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**शहडोल।** जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र से दशहरे के दिन एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान ज्वालामुखी मंदिर मार्ग पर एक शातिर बदमाश ने पुलिस आरक्षक पर चाकू से हमला कर दिया। भीड़भाड़ और पुलिस की भारी मौजूदगी के बीच हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। जानकारी के अनुसार धनपुरी थाने में पदस्थ आरक्षक जयप्रकाश श्रीराम जुलूस में ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान आरोपी संतबीर रजक, जो पहले से कई आपराधिक मामलों में फरार बताया जा रहा है, चाकू लेकर भीड़ में संदिग्ध रूप से घूमता नजर आया। जब आरक्षक जयप्रकाश ने उसे रोकने की कोशिश की, तो संतबीर बौखला गया और अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमले में आरक्षक के सिर और माथे पर गंभीर चोटें आईं। साथी पुलिसकर्मियों ने घायल आरक्षक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तुरंत आसपास के इलाकों में नाकेबंदी की, लेकिन देर रात तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया।



बताया जा रहा है कि संतबीर रजक के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अब उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। त्योहार के मौके पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के दावे करने वाली पुलिस इस हमले से कटघरे में आ गई है। सवाल यह उठ रहा है कि भीड़भाड़ वाले जुलूस में चाकू जैसे घातक हथियार के साथ आरोपी कैसे पहुंच गया। घटना ने पुलिस व्यवस्था और खुफिया निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**इनका कहना है...**

आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

**खेम सिंह पेद्रो**
थाना प्रभारी, धनपुरी

# नवरात्रि खत्म होते ही सड़क पर शराबियों का हंगामा

### पति-पत्नी का हाई वोल्टेज ड्रामा वायरल



**शहडोल।** नवरात्रि के शांत और संयमित माहौल के बाद शहडोल जिले में एक बार फिर शराबियों की हरकतें सामने आने लगी हैं। सोमवार देर रात सोहागपुर थाना क्षेत्र में एक नशेड़ी दंपति ने सडक़ किनारे जमकर हंगामा किया। बारिश में भीगते हुए पति-पत्नी दोनों शराब के नशे में धुत होकर सडक़ों पर गिरते-पड़ते, झगड़ते और राहगीरों पर चिल्लाते नजर आए। यह पूरा नजारा वहां मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात जब अधिकांश लोग घर लौट चुके थे, तभी यह दंपति सडक़ों पर नशे में धुत होकर घूमते-गिरते दिखाई दिए। राहगीरों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन दोनों और भी ज्यादा उग्र हो गए। बारिश में भीगते हुए पति-पत्नी का यह नशे का तमाशा देखने के लिए आसपास के लोग भी जमा हो गए, जिससे कुछ देर के लिए सडक़ पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। शहर में नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक शराबबंदी और संयम का माहौल रहा, लेकिन जैसे ही पर्व समाप्त हुआ, शराब की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी। कई स्थानों पर शराबियों के हंगामे और विवाद की घटनाएं सामने आ रही हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो ऐसे दृश्य आम हो जाएंगे। फिलहाल, वायरल वीडियो के बाद उम्मीद की जा रही है कि सोहागपुर पुलिस इस मामले में संज्ञान लेगी और सार्वजनिक स्थान पर नशे में हंगामा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि शहर में बढ़ती शराबखोरी और सार्वजनिक अशांति पर तत्काल नियंत्रण के उपाय किए जाएं।

# विधायक ने यात्री प्रतीक्षालय का किया लोकार्पण



शहडोल।

जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने गोहपारू जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत पैलवाह में विधायक निधि से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय का फीता काटकर लोकार्पण किया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में यात्रियों की सुविधा हेतु ऐसे प्रतीक्षालय आवश्यक हैं, जिससे आमजन को बरसात, धूप और ठंड से राहत मिल सके। यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण से यात्रियों को अब बसों एवं अन्य साधनों की प्रतीक्षा के दौरान सुविधाजनक तरीके से बैठने और आराम करने की सुविधा मिलेगी।

# दशहरा पर्व अच्छाई, सत्य एवं सदाचार का देता है संदेशः सांसद

## विजयदशमी का पर्व शक्ति, साहस और न्याय की विजय का प्रतीक: विधायक

शहडोल।

संभागीय मुख्यालय के पॉलिटेक्निक मैदान में उत्साह, उमंग एवं भक्तिमय वातावरण के साथ विजयदशमी पर्व मनाया गया। सत्य एवं न्याय के प्रतीक भगवान श्रीराम ने रावण के पुतले का दहन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह एवं जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने फीता काटकर, शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि दशहरा पर्व असत्य पर सत्य की विजय एवं बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। यह पर्व पूरे देश के कोने-कोने में अलग अलग तरीकों से मनाया जाता है। दशहरा पर्व अच्छाई, सत्य एवं सदाचार का संदेश देता है। इस अवसर पर उन्होंने शहडोल जिले वासियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि विजयदशमी का पर्व वैदिक विधि-विधान से परंपरागत तरीके से मनाया जाता है, यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि विजयदशमी का पर्व शक्ति, साहस और न्याय की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने मर्यादा एवं सत्य के आदर्शों के बल पर रावण को पराजित किया।

कार्यक्रम को नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने भी सम्बोंधित किया। विजयादशमी पर्व के अवसर पर संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन, जिला प्रशासन एवं नगरपालिका के संयुक्त तत्वाधान में श्री हनुमान लीला नाट्य मंच संस्था द्वारा रामलीला की प्रस्तुति दी गई। जिसका निर्देशन लकी चतुर्वेदी शहडोल द्वारा किया गया। रामलीला नाट्य मंच के कलाकारों द्वारा पारंपरिक तरीके से रावण, कुम्भकरण एवं मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने आए जनसमूह ने जय श्री राम, जय श्रीराम के नारे भी लगाए। कार्यक्रम में सदस्य जिला योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा ने उपस्थिति जनप्रतिनिधियो, अधिकारियो एवं जन समूह को स्वच्छता







की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर डीआईजी सुश्री सविता सुहाने, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष नगरपालिका प्रवीण शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, पार्षद, पत्रकारगण सहित अन्य जन-प्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं काफी संख्या में जनसमूह ने भाग लिया।

# दशहरा देखने गए परिवार के घर हुई चोरी

## 15 लाख से अधिक के जेवरात-नगदी गायब

**शहडोल। त्यौहार के बीच चोरी की बड़ी वारदात ने पूरे ब्यौहारी क्षेत्र को दहला दिया, दशहरा देखने गए परिवार के घर पर चोरों ने धावा बोलकर लाखों की संपत्ति पार कर दी, वार्ड नंबर 11 सेमारी रोड निवासी विवेक कुमार नामदेव अपने परिवार के साथ विजयदशमी का मेला देखने गए थे, इस दौरान घर खाली था और इसी मौके का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने करीब 15 लाख रुपए से अधिक मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर दिया।**

### साल भर से घात लगाए बैठे थे चोर

मकान मालिक और पड़ोसियों का कहना है कि चोर काफी समय से इस दिन का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही परिवार दशहरा देखने निकला, चोरों ने लोहे की शब्बल से दरवाजा तोडक़र घर के अंदर घुसकर दो घंटे के भीतर ही पूरा घर खंगाल डाला। वारदात के बाद चोरी में इस्तेमाल किया गया औजार घर में ही छोड़ गए।

### घर लौटे तो उड़े होश

परिवार जब दशहरा देखकर घर पहुंचा तो नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। आलमारी और बक्से टूटे पड़े थे, कीमती गहने और नगदी गायब थी,पीड़ित परिवार ने तुरंत ब्यौहारी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराना चाहा, लेकिन वहां से उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि थाने में कोई ऑपरेटर नहीं है, बाद में रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।





### 110 किलोमीटर दूर पहुंचा परिवार

थाने की बेरुखी से आहत परिवार मजबूर होकर 110 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय पहुंचा और पुलिस अधीक्षक से मिलकर गुहार लगाई, तब जाकर शिकायत दर्ज की गई। त्योहार के मौके पर हुई इस बड़ी वारदात और थाने की उदासीनता को लेकर आम जनता में आक्रोश है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि अगर थाना स्तर पर ही रिपोर्ट दर्ज नहीं होगी तो, आम आदमी न्याय के लिए भटकता ही रहेगा।

# जनजातियों के अधिकारों पर संकटः तिवारी

### शहडोल में पेसा एक्ट कागज़ों तक सीमित

**शहडोल।** जिला पांचवीं अनुसूची के अधिसूचित क्षेत्रों में आता है, जहाँ पेसा एक्ट 1996 लागू है। इस कानून के तहत ग्रामसभा को जल, जंगल और जमीन पर अंतिम अधिकार प्राप्त है, लेकिन वास्तविकता में स्थिति बिल्कुल विपरीत है। अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता संदीप कुमार तिवारी ने कहा है कि जनजातीय समुदाय की जमीनों पर आज भी प्रभावशाली लोगों का अवैध कब्ज़ा है और गैर-जनजातीय वर्ग द्वारा उनका लगातार शोषण किया जा रहा है।

संदीप तिवारी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने समता बनाम आंध्र प्रदेश (1997) के ऐतिहासिक फैसले में साफ कहा था कि अनुसूचित क्षेत्रों की भूमि गैर-जनजातीयों को नहीं दी जा सकती। संविधान की पाँचवीं अनुसूची और पेसा एक्ट भी ग्रामसभा को निर्णायक शक्ति प्रदान करते हैं। बावजूद इसके, शहडोल और आसपास के आदिवासी क्षेत्रों में कानून केवल कागज़ों तक सीमित है। प्रशासन और सरकार की चुप्पी जनजातीयों के स्वाभिमान और अधिकारों को लगातार आहत कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर संविधान और सुप्रीम कोर्ट दोनों जनजातीयों के पक्ष में खड़े हैं, तो शहडोल में अवैध कब्ज़े और अन्याय क्यों सहन किए जा रहे हैं? पेसा एक्ट का सही रूप से क्रियान्वयन ही जनजातीय समाज को न्याय दिला सकता है।

संदीप तिवारी ने सरकार और प्रशासन से माँग की है कि जनजातीयों की जमीनों को अवैध कब्ज़ों से मुक्त कराया जाए और ग्रामसभा को उसका संवैधानिक अंतिम अधिकार लौटाया जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल कानून का मामला नहीं बल्कि जनजातीय समाज के अस्तित्व और स्वाभिमान से जुड़ा सवाल है। अधिवक्ता तिवारी ने चेतावनी दी है कि अगर हालात नहीं बदले तो शहडोल में जनजातीय समाज के बीच आक्रोश और असंतोष बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब पेसा एक्ट की ताकत को धरातल पर उतारकर न्याय सुनिश्चित किया जाए।

# अमलाई में चीनी मित्र मंडली ने किया मैहर जा रहे भक्त मंडल यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत







## फूलों की वर्षा, पटाखों की गूंज और हजारों भक्तों की उपस्थिति ने बना दिया अनूठा दृश्य



शहडोल। संभाग के अनूपपुर जिले के कोतमा से मैहर तक निकली माँ शैलपुत्री भक्त मंडल की भव्य पद रथ यात्रा अमलाई पहुंचते ही इतिहास रच गया। चीनी मित्र मंडली द्वारा किया गया स्वागत इतना भव्य और अद्भुत था कि श्रद्धालु गद्गद हो उठे। फूलों की वर्षा, पटाखों की गूंज, डीजे और बैंड-बाजों की ताल पर पूरा नगर गूंज उठा। हजारों श्रद्धालुओं को भोजन, चाय, फल और विश्राम की व्यवस्था करायी गई, जिसने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया।



फूलों की वर्षा और पटाखों से गूंजा अमलाई नगर जैसे ही माँ शैलपुत्री की यात्रा अमलाई नगर में प्रवेश हुई, पूरा नगर भक्ति और उल्लास से सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई, आसमान पटाखों की रोशनी से जगमगा उठा और डीजे-बैंड की करताल ध्वनि से वातावरण गूंज उठा। चारों ओर जय माता दी के नारों से माहौल भक्तिमय हो गया।

### चीनी मित्र मंडली ने किया ऐतिहासिक स्वागत

बापू चौक अमली के समीप चीनी मित्र मंडली द्वारा विशाल पंडाल लगाया गया था। सुबह 12 बजे से प्रारंभ हुआ भंडारा शाम 7 बजे तक निरंतर चलता रहा। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सिंधी धर्मशाला में ठहरने की व्यवस्था की गई, वहीं उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए फलाहार एवं विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गई।

पवन चीनी और उनकी पूरी टीम ने हर आगंतुक के स्वागत में कोई कमी नहीं छोड़ी। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने इसे अपने जीवन का ऐतिहासिक क्षण बताया और मंडली के इस प्रयास के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।



### भावनात्मक दृश्य और भक्तों का आभार

यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने कहा कि इस तरह का स्वागत अपने आप में अद्वितीय है। हजारों की संख्या में लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए और देर रात तक वातावरण भक्ति और आनंद से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने कहा कि अमलाई का यह स्वागत आने वाली पीढ़ियों के लिए स्मरणीय बन गया है।

### यात्रा का विस्तृत कार्यक्रम

माँ शैलपुत्री भक्त मंडल की भव्य पद रथ यात्रा का शुभारंभ 2 अक्टूबर 2025 को कोतमा नगर से हुआ। 03 अक्टूबर को यह यात्रा अनुपपुर में रुकी जहाँ भक्तों ने नाश्ता और भोजन किया। 04 अक्टूबर को यात्रा बुढ़ार, धनपुरी और शहडोल से होते हुए आगे बढ़ी। 05 अक्टूबर को यह यात्रा उमरिया पहुँची। 06 अक्टूबर को चंदिया होते हुए यह यात्रा खितौली और कुंआगांव पहुँची। 07 अक्टूबर को बरही होते हुए यात्रा बदेरा गाँव पहुँची। 08 अक्टूबर को यात्रा का अंतिम पड़ाव पवित्र धाम मैहर है, जहाँ भक्त माता शारदा के दर्शन करेंगे।

### वर्षों से निकल रही है आस्था की यह धारा

माँ शैलपुत्री भक्त मंडल की यह यात्रा कई वर्षों से निरंतर निकाली जा रही है। श्रद्धालु मानते हैं कि इस यात्रा में शामिल होना माता रानी के आशीर्वाद प्राप्त करने का सबसे पावन अवसर है। इस यात्रा से न केवल धार्मिक वातावरण बनता है बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश प्रसारित होता है।







### पवन चीनी ने की अपील

चीनी मित्र मंडली के पवन चीनी ने कहा कि माँ की यह यात्रा पूरे क्षेत्र की आस्था और संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे परिवार सहित यात्रा के स्वागत और दर्शन के लिए अवश्य पहुँचें। उन्होंने यह भी कहा कि अमलाई का यह स्वागत केवल आज के लिए नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों तक स्मरणीय रहेगा।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को मीठा बांटकर मनाई बापू जयंती



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष संध्या वर्मा ने कोतमा विधानसभा के वार्ड क्रमांक 11 में महिलाओं और बच्चों के साथ मीठा बांटकर और महिलाओं से संवाद करते हुए बापू गांधी की जयंती मनाई। संध्या वर्मा ने कहा कि बापू गांधी की विचारधारा को भारत मे ही नही पूरे विश्व में पसंद करते हैं। गांधी जी सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर भारत देश को आजादी दिलाई।

### जैतहरी में उप स्वास्थ्य केन्द्र के पास किया गया स्वच्छता श्रमदान



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 2 अक्टूबर को महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर स्च्छता ही सेवा अन्तर्गत ग्राम पंचायत छुल्हा, जनपद पंचायत जैतहरी में उप स्वास्थ्य केन्द्र के पास स्वच्छता श्रमदान किया गया। एवं स्वच्छता की शपथ केके रैकवार मुख्य कार्यपालन अधिकरी जनपद पंचायत जैतहरी द्वारा दिलाई गई। स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में श्रीमती माधुरी कोल सरपंच, उपसरपंच, पंच, मो० निशार बीसी एसबीएम, पुष्पेन्द्र पाण्डेय सचिव, राम खेलावन यादव ग्राम रोजगार सहायक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वच्छाग्रही एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पवित्र नगरी अमरकंटक में पूज्य बापू को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया याद



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** कृतज्ञ राष्ट्र के साथ ही मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म जयंती के अवसर पर नर्मदा मंदिर के सामने गांधी कुंड बापू के प्रतिमा पर 11 बजे उपस्थित जनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा उनके बताएं राह मैं चलकर राष्ट्रहित में स्वच्छता सत्य अहिंसा पर चलने नशा मुक्त करने तथा स्वदेशी करण पर सभी को चलने करने हेतु संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर परिषद के सीएमओ चैन सिंह परस्ते कांग्रेस अध्यक्ष श्यामलाल सेन हरि सिंह उईके नगर परिषद के गणेश पाठक बैजनाथ चंद्रवंशी अंजय तिवारी मनु पूर्णिमा प्रजापति लखन झरिया वीरू तंबोली तथा राजकुमार सिंह नरेंद्र सोनी प्रमुख रूप से शामिल एवं उपस्थित रहे।

## सकोला मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के बाद निकाली गई काली मां की सवारी



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** दशहरा पर्व बड़ी धूमधाम से ग्रामीण क्षेत्र में मनाया गया। सकोला मे मां दुर्गा जी की मूर्ति गांव के सभी मोहल्ले में घूम-घूम कर जयकारा लगाते हुए विसर्जन के लिए ले जाया गया जिसमें ग्रामीण जन एवं महिला पुरुष सम्मिलित हुए। शाम को विसर्जन होने के बाद बदरा बस स्टैंड में माता काली जी की सवारी निकाली गई जिसमें आसपास के क्षेत्र के लोगों का भारी भीड़ इकट्ठा हुआ। ठीक उसी समय कोतमा से मैहर जाने वाले श्रद्धालु निकल रहे थे लगभग 3000 से ऊपर पुरुष एवं महिला मैहर शारदा माता पदयात्रा के लिए बस स्टैंड से निकले पूरे क्षेत्र में माता की जयकारा गूंज रही थी चारों तरफ भक्ति में माहौल बना हुआ था।

## नल-जल योजना की लापरवाही, खुले गड्ढों से हादसे



**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंडा में नल-जल योजना के अधूरे और लापरवाही भरे कार्य ने ग्रामीणों की जान पर संकट खड़ा कर दिया है। हाल ही में ग्राम पंचायत पाटन जैतहरी निवासी कोमल अगरिया अपने ससुराल करसीमा जिला जीपीएम छत्तीसगढ़ से घर लौटते समय मुंडा चौराहा पर खोदे गए खुले गड्ढे में गिरकर दुर्घटना का शिकार हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले एकीकृत हाई स्कूल मुंडा का एक बालक भी इसी तरह खुले गड्ढे में गिरकर घायल हो चुका है। विद्यालय पास ही स्थित है और बच्चे रोज़ इसी मार्ग से गुजरते हैं, जिससे उनके साथ बड़े हादसे का खतरा लगातार बना रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि नल-जल योजना के तहत न तो घरों में नल लगाए गए हैं और न ही सड़कों पर फिनिशिंग का काम हुआ है। सिर्फ गड्ढे खोदकर वाल लगाने की औपचारिकता पूरी की गई और कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया। इसके कारण आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। जब सरपंच और सचिव से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह कार्य पीएचई विभाग के दबाव में हैंडओवर किया गया है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी भी ग्रामीण या बच्चे की जान जाती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी पीएचई विभाग और संबंधित अधिकारियों की होगी। इस गंभीर मामले की शिकायत ग्रामीणों ने दिनांक 01/07/2025 को कलेक्टर महोदय के पास भी दर्ज कराई थी, बावजूद इसके अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# दशहरे पर कोतमा से मैहर के निकली पद रथ यात्रा

### जगह-जगह की जा रही पुष्प वर्षा, 3 हजार से ज्यादा भक्तों का जत्था

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** मां शैलपुत्री भक्ति मंडल समिति बस स्टैंड के 25 वर्ष पूर्ण होने पर दशहरे के दिन कोतमा से मैहर भव्य पद रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा में नगर की वार्ड 1 दफाई टोला समिति की भी झांकी साथ में शामिल रही जो मैहर दरबार की झांकी सजाते हुए साथ में रवाना हुई। यात्रा को लेकर हजारों की संख्या में साथ चल रहे भक्तों में जोरदार उत्साह देखा जा रहा है। गुरुवार को यात्रा दोपहर प्रारंभ हुई जो पूरे नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए बनिया टोला, डिपो तिराहा, बदरा हाईवे होकर रात में फुनगा पहुंची जहां पर रात्रि विश्राम एवं भोजन किया गया। यात्रा के दौरान मंत्री दिलीप जायसवाल सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ शामिल होकर भी यात्रा की एवं नगर की पहचान एवं परंपरा बन चुकी धार्मिक कार्य के लिए समिति की सराहना भी की सभी भक्तों की सफल एवं मंगल यात्रा के लिए बधाई दी। बस स्टैंड से प्रारंभ हुई यात्रा बैरियर, बस्ती, आजाद चौक, गांधी चौक, स्टेशन चौक, महावीर मार्ग, ओल्ड हॉस्पिटल रोड सहित अन्य मार्गों पर निकली,जिसका जगह जगह जमकर स्वागत किया गया। महिलाओं के द्वारा घरों के सामने रंगोली सजाई गई। पुष्पवर्षा के साथ घर घर के सामने लोगों ने चुनती चढ़ाते हुए आरती उतारी।

### 3 हजार से ज्यादा भक्तों का जत्था

अनोखी धार्मिक यात्रा में 3 हजार से ज्यादा भक्तों का जत्था है। जो भजन मंडली की धून पर गाते झूमते आगे बढ़ रहे है। जिसमें महिलाएं पुरुष, युवा एवं लड़कियां कोतमा नगर एवं उसके आसपास के 50 से ज्यादा गांवों के धार्मिक श्रद्धालु इस यात्रा में साथ चल रहे है। जिनके रुकने एवं भोजन की व्यस्था समिति कर रही है। शुक्रवार को यात्रा अनूपपुर बाजार होते हुए चचाई, अमलाई एवं बुढार पहुंचकर रात्रि विश्राम एवं भोजन किया। यात्रा के दौरान जगह जगह प्रशासन की टीम सुरक्षा व्यवस्था भी बनाते हुए यात्रा को आगे बढ़ा रही है।



### अमलाई में पद रथ यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

धार्मिक आस्था और भक्ति का प्रतीक बनी पद रथ यात्रा अपने निर्धारित मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रही है। यात्रा का कोतमा से प्रारंभ होकर मैहर तक पहुंचना प्रस्तावित है। इस दौरान जहां-जहां यात्रा पहुंच रही है, श्रद्धालुओं द्वारा उसका भव्य स्वागत किया जा रहा है। जिले के विभिन्न स्थानों पर यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सबसे पहले अनूपपुर नगर में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने पद यात्रियों का अभिनंदन कर नाश्ते की व्यवस्था की। इसके बाद अमलाई में पार्षद पवन चीनी के नेतृत्व में पद रथ यात्रियों का विशेष स्वागत हुआ। यहां श्रद्धालुओं के लिए दोपहर भोजन और आराम की संपूर्ण व्यवस्था की गई, जिससे यात्रियों को ऊर्जा प्राप्त हुई और वे आगे की यात्रा के लिए उत्साह से भर उठे। यात्रा के अगले पड़ाव चचाई में भी पद रथ यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों और संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पुलिस प्रशासन द्वारा यात्रा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था की विशेष निगरानी की गई, ताकि श्रद्धालु बिना किसी व्यवधान के पद यात्रा कर सकें। पुलिस बल कदम से कदम मिलाकर पूरी यात्रा के दौरान उपस्थित रहा। यात्रा अब धीरे-धीरे अपने अगले गंतव्य की ओर अग्रसर है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शहडोल में पद रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। यहां भी श्रद्धालु और संगठन पद यात्रियों का उत्साहपूर्वक स्वागत करने की तैयारी में जुटे हैं।

## हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोवाली, बिगड़े बना दे मेरे काम



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** काल के पंजे से माता बचाओ, जय मां अष्ट भवानी...तू जो दे दे सहारा... सुख जीवन का सारा... तेरे चरणों पे वारू देवी मां... के साथ देवी उपासकों के महापर्व शारदीय नवरात्र के आठवें दिन मंगलवार को कोयलांचल क्षेत्र राजनगर के अंतर्गत न्यू राजनगर, गोपाल पंडाल, शांतिनगर दुर्गा पंडाल, बस स्टैंड राजनगर, सी सेक्टर कॉलोनी, दुर्गा मंदिर सीधी दफाई के पूजा पंडालों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शाम होते-होते भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी, सड़कों पर वाहनों का जाम न लगने पाये, भीड़ को देखते हुवे रामनगर पुलिस एंव वॉलिंटियर, पूजा पंडालो में नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के कर्मचारी मोर्चा संभाले रहे। विभिन्न पंडालों के आसपास मेला जैसी भीड़ रही। जहां लोगों ने खूब खरीददारी कि, देर रात तक राजनगर, गुलजार रही। अष्टमी पर मां भगवती के आठवें स्वरूप यानी अष्टांग योग की अधिष्ठात्री देवी महागौरी की पूजा की गयी। देवी महागौरी की कृपा से धन संपदा, सौंदर्य और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। महागौरी सृष्टि का आधार होने के साथ ही अक्षत सुहाग की प्रतीक हैं। उधर, बंगाली समाज के लोगों ने मां की संधि पूजा की। समाज के लोगों ने इसमें 108, दीपक, 108 कमल, 108 आम पत्ती 108 तुलसी पत्ती, 108 बेल पत्ती से श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की। अब दशमी को दर्पण, विसर्जन व सिंदूर दान किया जायेगा। श्रद्धालुओं ने परिवार के साथ मां के दरबार में लगायी हाजिरी महाष्टमी तिथि पर मंगलवार को पूजा पंडाल व दुर्गा मंदिरों में मां के जयकारे लगाते रहे. मां को अठवाई चढ़ाने भक्तों की कतार लगी रही. आदिशक्ति को चुनरी व अन्य श्रृंगार सामग्री अर्पित की गयी। पंडालों में दर्शन करने व आकर्षक झांकियों को निहारने श्रद्धालु रतजगा करते दिखे। राजनगर क्षेत्र के आसपास ग्राम पंचायत रेऊदा, पिपराहा, सेमरा, फुलकोना, आमाडांड, बरतराई, बरतराई कालोनी में धूमधाम के साथ दुर्गा उत्सव मनाया जारहा है। सभी ग्रामीण सप्तमी अष्टमी और नवमी के दिन प्रत्येक पंडाल घूम कर माता रानी के दर्शन कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के पंडालो में भोग भंडारा नियमित रूप से चल रहा है। खीर, हलवा, पुड़ी, खिचड़ी का निरंतर प्रसाद पंडालो में भंडारे के रूप में बट रहा है जिसका ग्रामीण प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

## स्व सहायता समूह की प्रदर्शनी, स्वदेशी मेला में स्वयं के बनायें उत्पादों की नागरिकों ने की खरीददारी




बुढ़ार। विजयादशमी के अवसर पर कुशा भाऊ ठाकरे स्टेडियम में नगर परिषद के द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा योजना के अंतर्गत उत्पाद प्रदर्शनी, स्वदेशी मेला स्व सहायता समूह के द्वारा लगाई गई जिसमें स्वयं के बनायें हुए उत्पादों की खरीदी नागरिकों ने की।

सेवा पखवाड़ा के तहत स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा खुद का उत्पाद बनाकर प्रतिभा की प्रदर्शनी मेला में उत्पादों की खरीददारी दशहरा देखने आये नागरिकों ने अचार, पापड़,नमक आदि बैग डोर भेंट किया। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव (एन ओ एल एम)समूह अधिकारी अभय शुक्ला,अमिरुद्दीन सिद्दीकी एवं नगर परिषद कर्मचारियों का आयोजन में सराहनीय सहयोग रहा।

## जनपद अध्यक्ष पति की विरूद्ध एसडीओ ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

ब्यौहारी। जनपद अध्यक्ष आकांक्षी सिंह के पति विपेंद्र सिंह उर्फ प्रीतू के खिलाफ जनपद पंचायत के एसडीओ विजय सिंह ने 29/09/25 को थाने में शिकायत दर्ज कराई है एवं 1/10/25 को डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने एसपी को शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की ब्यौहारी-थाने की रिपोर्ट में कहा गया है कि मेरे ऑफिस में पहुंचकर मुझे धमकी दी की मेरे कार्य का मूल्यांकन नहीं करोगे तो मैं तुम्हें छोडूंगा नहीं उसके बाद जब मैं बाहर निकला मुझे मारने के लिए गाड़ी से हथियार निकालने एवं जनपद अध्यक्ष आकांक्षी सिंह को मारने के लिए कहा ईसको मारो और कहा कि जो भी होगा मैं देख लूंगा तुम उसको मारो, जाति सूचक गलियों दी कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा बीच बचाव किया गया थाने मे शिकायत बाद इंजीनियर संगठन शहडोल के तरफ से भी एसपी को ज्ञापन सोपा गया जनपद अध्यक्ष पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है एक दिन पहले जनपद अध्यक्ष आकांक्षी सिंह द्वारा थाने में विजय सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी उनके ऊपर निर्माण कर रोकने का आरोप लगाया था । वहीं एसडीओ विजय सिंह का कहना है कि घटिया काम का मूल्यांकन कराने के लिए दबाव बना रहे थे जब मैं मूल्यांकन नहीं किया तब यह हथकंडा अपनाया गया विजय सिंह से पहले नौढिया पंचायत के सचिव सत्यभान सिंह भी जनपद अध्यक्ष पति के खिलाफ धमकाने कमीशन मांगने की रिपोर्ट दर्ज करा चुके हैं विजय सिंह इसके पहले जनपद सीईओ पद के प्रभार में भी रह चुके हैं लोगों के अनुसार उनको काफी सुलझा हुआ अधिकारी माना जाता है एस डी ओ ने अध्यक्ष पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है । भविष्य में शारीरिक छति पहुंचती है तो प्रीतू सिंह को जिम्मेदार माना जाये दोनों पक्षों की तरफ से थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है थाना प्रभारी अरूण पाण्डेय का कहना दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच की जा रही है नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# मां बिरासिनी के दरबार में स्थापित जवारे कलशों का काली नृत्य के साथ हुआ विसर्जन











## कलेक्टर ने की पूजा अर्चना, उमड़ा जन सैलाब

**उमरिया।** शारदेय नवरात्र के दौरान बैठकी से स्थापित किए गए मनोकामना जवारा कलशों का विसर्जन भव्य जुलूस निकालकर किया गया। परंपरा के अनुसार जवारा विसर्जन के पूर्व मंदिर प्रबंध व संचालन समिति के संरक्षक जिला कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन,पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी,एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह द्वारा मां काली व खप्पर की पूजा कर चल समारोह का शुभारंभ किया गया।जब यह जवारा जुलूस सडक़ पर निकला तो मानो लगा कि सडक़ पर हरी चादर बिछ गई हो। जवारा



जुलूस विभिन्न मार्गो से होता हुआ विसर्जन स्थल तक पहुंचा जहां विधि विधान के साथ जवारा कलशों का विसर्जन किया गया। इस ऐतिहासिक जवारा विसर्जन को उमरिया सहित अन्य जिलों से भी लोग बड़ी संख्या में देखने पहुंचते है। सुरक्षा की दृष्टि से चल समारोह के दौरान पुलिस बल तैनात किया गया था। आगे आगे खप्पर के साथ काली जी नृत्य करते हुए चल रही थी, उनके पीछे जवारा जुलूस चल रहा था । इस अवसर पर विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह, नगर पालिका परिषद पाली अध्यक्ष शंकुतला प्रधान,मानपुर एसडीएम टी आर नाग,पंडित प्रकाश पालीवाल,मंदिर के पुजारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आत्मरक्षा, अन्याय और शोषण के विरुद्ध जंग का प्रतीक है शस्त्र-पूजनः सांसद



### शस्त्र पूजन का पर्व पराक्रम, शौर्य और साहस का प्रतीक हैः कलेक्टर



### विजयादशमी पर शस्त्र-पूजन का महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक महत्वः विधायक

**शहडोल।** विजयादषमी के अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों नें किया शस्त्र पूजन शहडोल। शक्ति साहस एवं विजय के प्रतीक विजयादशमी दशहरा के अवसर पुलिस लाइन शहडोल में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र श्रीमती मनीषा सिंह, डीआईजी शहडोल जोन सुश्री सविता सुहाने, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव ने मंत्रोच्चारण के साथ शस्त्र पूजन में भाग लिया तथा जिले वासियों को विजयादशमी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वाहनों की भी पूजा की गई।

सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि शस्त्र-पूजन हमारी प्राचीन परंपरा का हिस्सा है। शस्त्र आत्मरक्षा, अन्याय और शोषण के विरुद्ध जंग का प्रतीक है। शस्त्रों के भरोसे ही धर्म और देश की रक्षा की जा सकती है। विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि विजयादशमी पर शस्त्र-पूजन का सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है, जो हिंदू सनातन परंपरा से जुड़ा हुआ है। यह व्यक्ति को उसके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है और अधर्म के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा देता है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा की शस्त्र पूजन का पर्व पराक्रम, शौर्य और साहस का प्रतीक है। यह हमें कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, पार्षद सिल्लू रजक सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी शस्त्र पूजन किया।

# जिले भर में चलाया गया दुर्गा पंडालों में स्वच्छता अभियान

**शहडोल।** शारदेय नवरात्रि के अवसर पर जिले भर में दुर्गा पंडालों की स्थापना की गई थी। इन दुर्गा पंडालों में पूजा पाठ के साथ-साथ भण्डारों का आयोजन भी किया गया। भण्डारों में उपयोग किए जाने वाले डिस्पोजल के स्थान पर दोना पत्तल के उपयोग हेतु पंडाल संचालकों को प्रेरित किया गया था। दषहरा पर्व एवं गांधी जयंती के अवसर पर जिले भर में दुर्गा पंडालों में भण्डारों मे उपयोग के लिए डिस्पोजल तथा दोना पत्तल की साफ-सफाई का विषेष अभियान नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाकर आमजन के सहयोग से संचालित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ की दिलाई गई।



# नगर में एतिहासिक दशहरा उत्सव भव्यता के साथ मनाया गया, झांकियां रही आकर्षण का मुख्य केन्द्र



### 51 फुट ऊंचे विशालकाय रावण पुतले का हुआ दहन

**बुढ़ार।** असत्य पर सत्य के विजयी का प्रतीक विजयादशमी का पर्व दशहरा उत्सव समिति बुढ़ार द्वारा स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम बुढ़ार मे पूरे उल्लास के साथ मनाया गया और भक्तिभाव से ओत-प्रोत भजन व गीतों की मनोहारी प्रस्तुति के साथ ही उत्सव स्थल पर विभिन्न दुर्गोत्सव समितियों द्वारा लायी गयी झांकी श्रद्धा व आस्था का केंद्र बिंदु रही, गीत व संगीत के मध्य तथा आतिशबाजी के साथ ही इस वर्ष 51 फुट ऊंचे विशालकाय रावण पुतले का दहन दर्शकों के विशाल उपस्थिति में किया गया।नगर मे प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं पूर्व विधायक छोटे लाल सरावगी के संयोजन में प्रतिवर्ष पूरे उल्लास के साथ बुढ़ार में मनाये जानें वाले दशहरा उत्सव की श्रृंखला में इस वर्ष भी विविध कार्यक्रमों के मध्य भव्यता से यह पर्व मनाया गया, जिसे देखने नगर तथा आस-पास के ग्रामीण अंचलों के नागरिकों का विशाल हुजूम असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक पर्व को देखने आयोजन स्थल पहुंचा और कार्यक्रम को देख करतल ध्वनि से सराहना की।

दशहरा उत्सव कार्यक्रम जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी के मुख्यातिथ्य मे तथा कलेक्टर डॉ केदार सिंह के गौरवमयी उपस्थिति तथा पूर्व विधायक छोटेलाल सरावगी के विशिष्ट आतिथ्य तथा नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी की अध्यक्षता में मनाया गया और आयोजन में जिला पंचायत सी.ई.ओ. की विशिष्ट उपस्थिति रही।दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सोनू आहूजा, महिला अध्यक्ष श्रीमती जूली रजक, रावण निर्माण समिति अध्यक्ष रमाकान्त सोनी, आतिशबाजी समिति अध्यक्ष नमन ताम्रकार को इस वर्ष उत्सव का दायित्व प्रदान किया गया और आयोजन को भव्यता दिलाने अपने सहयोगियों के साथ निरंतर जुटे रहे जिससे उत्सव नगर मे परम्परानुरुप पूरे उल्लास के साथ मना।नगर के दुर्गा पंडालो में दुर्गोत्सव समितियो द्वारा जगत जननी मां दुर्गा जी की भव्य प्रतिमां स्थापित कर आकर्षण विधुत की सजावट मे विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, वहीं दशहरा समिति द्वारा गठित निर्णायक मंडल द्वारा दुर्गा पंडालो में स्थल साज-सज्जा, विशिष्ट प्रतिमां, स्वच्छता अनुशासन, इको फ्रेंडली, तथा संदेशात्मक पुरस्कारों हेतु मुआयना कर तथा दशहरा स्थल पर आयी विभिन्न झांकियों का अवलोकन कर अपना निर्णय दिया जिस पर पुरस्कृत समितियों को मुख्य अतिथि एवं



अतिथियों ने पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडल मे डा शान्ती चतुर्वेदी, मीनू गुप्ता, बी.एन. उपाध्यक्ष, डॉ आर.के. त्रिवेदी, कमलेश प्रजापति, प्राचार्य गौरव शर्मा ने उत्सव के निर्णायक की भूमिका निभाई।विजयादशमी के पावन अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष तथा पार्षदों ने भगवान श्रीराम, सीता माता तथा लक्ष्मण व हनुमान जी का पूजन अर्चन किये।मुख्यातिथ विधायक जयसिंह मरावी ने विजयादशमी की शुभकामना देते हुये कहाकि - बुराई पर अच्छाई की जीत का यह पर्व हम सभी को आपसी सद्भाव तथा प्रगाढ़ता का संदेश देता है, जिसे हम अपने जीवन मे सदैव अपनायें और भगवान श्रीराम का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे। विधायक श्री मरावी ने कहाकि - भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश को नित नई ऊंचाईयां अर्जित करा रहे हैं और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की दिशा में हम सभी को प्रेरित कर रहे हैं हम सभी का दायित्व है कि - स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें।जिला कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने दशहरा की शुभकामना देते हुये कहाकि - आपसी सद्भावो को प्रगाढ करने वाला यह पर्व सभी के जीवन में खुशहाली लाये यह कामना है।दशहरा उत्सव के संयोजक एवं पूर्व विधायक छोटेलाल सरावगी ने नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आये श्रद्धालुओं को दशहरा पर्व की शुभकामना देते हुये कहाकि - बुराई पर अच्छाई की जीत का यह पर्व नगरवासियों की सहभागिता से विशाल स्वरूप ग्रहण कर चुका है और उत्सव की जिम्मेदारी जिन्हें मिलती है पूरे उल्लास से जुटते हैं, जिससे आयोजन भव्यता को अर्जित करता है।पूर्व विधायक श्री सरावगी ने अंचल के नागरिकों के आशाओं के अनुरूप विधायक श्री जयसिंह मरावी का ध्यान आकृष्ट कराते हुये कहाकि - बुढ़ार अंचल को नगर निगम की सौगात अर्जित कराने की दिशा में तथा जैतपुर चौक अतिव्यस्त आवागमन मार्ग पर ओव्हर ब्रिज निर्माण हेतु रचनात्मक पहल करें, क्योंकि - यह अत्यावश्यक मांग नागरिकों की भी है।नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहाकि - नगर के दशहरा उत्सव को भव्यता दिलानें सभी का अपेक्षित सहयोग रहता है, जो नगर के लिए उपलब्धि पूर्ण है, इस आयोजन मे दशहरा उत्सव अध्यक्ष सोनू आहूजा तथा उनकी टीम ने आयोजन को और अधिक भव्यता प्रदान करायीं है, जिसकी जितनी सराहना की जाये कम है।दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष सोनू आहूजा ने उत्सव के अध्यक्ष का दायित्व मुझे सौंपा गया और मिलें दायित्व के निर्वहन मे समिति के समस्त सहयोगियों, पार्षदों नगर परिषद, पुलिस



प्रशासन तथा नागरिकों का सहयोग मिला जिसके प्रति मे हृदय से आभारी हूं।स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम दशहरा उत्सव स्थल पर नगर तथा आस-पास के ग्रामों से नागरिकों का विशाल हुजूम रावण दहन तथा आयोजित कार्यक्रम को देखने शायं से आना शुरू हुआ और मां शारदा जागरण कोतमा के सुप्रसिद्ध भजन एवं गीत गायक संदीप शिवहरे एवं उनके टीम के गायकों द्वारा संगीत के मधुर ध्वनि के मध्य प्रस्तुत भजनों का भरपूर लुत्फ उठाया, दशहरा स्थल पर आयी झांकियो को नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार सरावगी ने प्रत्येक झांकियो को 11 सौ रुपए के मान से पुरस्कृत किया।हरे माधव कालोनी बुढ़ार मां गायत्री दुर्गोत्सव समिति द्वारा खिचड़ा (प्रसाद) कार्यक्रम में आये लोगों को ग्रहण कराया।कार्यक्रम का सफ़ल संचालन दशहरा समिति के संरक्षक पुष्पेन्द्र ताम्रकार एवं युवा उत्साही श्रीकृष्ण गुप्ता ने किया।पुलिस अनुशासन शील्ड बुढ़ार थाना प्रभारी संजय कुमार जायसवाल के द्वारा दुर्गा उत्सव समिति को प्रदत्त किया गया, वहीं विविध पुरस्कारों की झड़ी लगी रही। नगर निरीक्षक संजय जायसवाल ने सुरक्षा की चौक चौबंद व्यवस्था रखी, वहीं नगर परिषद के सी.एम.ओ. सौरभ श्रीवास्तव एवं परिषद के अम्ले ने आयोजन में अपनी भरपूर सहभागिता निभाई।कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से - तहसीलदार सुमित गुर्जर, समाजसेवी - राजकुमार सरावगी, पुष्पेन्द्र ताम्रकार, बलमीत सिंह खनूजा, भानू दीक्षित, सुजीत सिंह चंदेल, राजेश चमड़िया, दौलत मनवानी, पत्रकार मोहन नामदेव, आशीष नामदेव, अरविंद नायक, राजू सेठिया, दीपक शर्मा, रवि रजक, विनोद पाठक, मंगेश गुप्ता, पवन सोनी, अनामिका सिंह, काजल सरावगी, राम यश मालानी, मनीष चमड़िया, अविनाश गुप्ता, आनंद बारी (अन्नू), विजय नामदेव, तथा नगर परिषद पार्षद श्रीमती चेतना दीक्षित, रश्मि सिंह, सुधा बारी, गीता प्रजापति, हर्ष पाठक, मोहन बैगा की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रही विभिन्न झांकियां तथा भक्तिभाव से सरोवर एक से बढ़कर अनेक गीतों की प्रस्तुति वाद्ययंत्रों के मध्य प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से स्वागत किया इसके उपरांत पुरुस्कृत सामितियो को मुख्यातिथि एवं अतिथियों ने पुरुस्कृत किया और विशालकाय रावण पुतले का दहन किया गया और देखते ही देखते रावण का पुतला धू धू कर जलकर राख हो गया। नगर के प्रवीण टीवी मोबाइल के संचालक प्रदीप गुप्ता ने दशहरा समिति के मीडिया जनों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर उनको सम्मानित किया।

## दशहरा पर्व पर रंगदूत सीधी की रामलीला ने स्टेडियम में बिखेरा आस्था का रंग



सीधी। विजयादशमी पर्व पर संस्कृति संचनालय, मध्यप्रदेश शासन द्वारा हर जिले में आयोजित रामलीला श्रृंखला के अंतर्गत बीती रात सीधी के स्टेडियम में रंगदूत सीधी ने भव्य प्रस्तुति दी। जिला प्रशासन सीधी के सहयोग से सम्पन्न इस आयोजन का शुभारंभ गणेश वंदना और हनुमान आरती से हुआ, जिसने पूरा वातावरण भक्तिमय कर दिया। इसके पश्चात निषादराज गुह और केवट प्रसंग का विस्तृत मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को गहराई से छू लिया साथ ही पूरे रामलीला निषादराज गुह्य का मंचन हुआ जिसमें सभी प्रसंग थे राम के बचपन से लेकर उनके राजतिलक तक का वर्णन देखने को मिला निर्देशक भारती सोनी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत इस रामलीला में अनंत मिश्रा ने राम, रवित मिश्रा ने लक्ष्मण, खुशी सोनी ने सीता, चंदन पटेल ने हनुमान, दीपु प्रजापति ने निषादराज, राजेंद्र दुबे ने केवट, साक्षी सोनी ने गंगा, वागीश मिश्रा ने वाल्मीकि, राहुल गुप्ता ने दशरथ और मंजु प्रजापति ने कैकेयी की भूमिका निभाई। वहीं सूत्रधार की जिम्मेदारी कुलदीप सोनी ने संभाली। कोरस के रूप में वतन साकेत, गौरव वर्मा और नीरज यादव ने सामूहिक प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त पीयूष तिवारी एवं अन्य कलाकारों ने भी अपने अभिनय से मंचन को सशक्त बनाया। सभी कलाकारों के संयुक्त प्रयास से रामलीला का प्रत्येक दृश्य जीवंत हो उठा। सजावटी परिधान, संवाद की गहनता, भक्ति रस से सराबोर गायन और मंच-सज्जा ने पूरे आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। दर्शक बार-बार तालियों और जय श्रीराम के उद्घोष से कलाकारों का उत्साह बढ़ाते रहे। यह रामलीला केवल एक नाट्य प्रस्तुति नहीं रही, बल्कि धर्म, आस्था और सत्य की विजय का संदेश लेकर आई। भारती सोनी के निर्देशन में प्रस्तुत इस मंचन ने यह स्पष्ट कर दिया कि रामकथा भारतीय संस्कृति की जीवित परंपरा है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी समाज को आदर्श और मूल्य प्रदान करती रहेगी। संस्था के सचिव प्रसन्न सोनी ने कार्यक्रम के अंत में सभी का परिचय कराया और संस्कृति संचनालय भोपाल,एवं जिला प्रशासन सीधी,नगर पालिका सीधी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ज्वालामुखी मैदान में जला 30 फीट ऊंचा रावण, धर्म की जीत का प्रतीक रावण वध, धनपुरी में उमड़ा जन सैलाब

धनपुरी। शारदेय नवरात्रि के समापन के उपरांत मंगलवार को नगर धनपुरी का माहौल धार्मिक आस्था और उल्लास से सराबोर हो गया। विजयदशमी पर्व के अवसर पर ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण में ऐतिहासिक रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देने वाले इस पर्व को देखने हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। चारों ओर ३जय श्रीराम३ और ३माता रानी के जयकारों३ से वातावरण गुंजायमान हो उठा। समिति द्वारा तैयार किया गया 30 फीट ऊंचा रावण का पुतला मैदान के बीचोंबीच लगाया गया था। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के रूप में सजे कलाकार ने जब अग्निबाण चलाकर रावण का वध किया, तो पूरा मैदान तालियों और जयघोष से गूंज उठा। पुतले के दहन के साथ ही रंग-



बिरंगी आतिशबाजी ने आसमान को रोशन कर दिया। इस दौरान मौजूद दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए।ज्वालामुखी मैदान में बनाए गए सांस्कृतिक मंच पर देवी गीतों और भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। स्थानीय कलाकारों ने मां दुर्गा की महिमा का बखान करते हुए श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। शाम 8 बजे से लेकर रात 11 बजे तक कार्यक्रम लगातार चलता रहा। अनुमान के मुताबिक करीब 3 हजार से अधिक दर्शक अंत तक डटे रहे और प्रस्तुति का आनंद उठाते रहे।

विजयदशमी पर्व के दिन नगरभर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का



विसर्जन बड़े ही धूमधाम से किया गया। काली नृत्य मंडलियों, बैंड-बाजों और आतिशबाजी के बीच जवारा जुलूस नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए ज्वालामुखी मंदिर स्थित कुंड पहुंचा। देर रात तक नगर में धार्मिक उल्लास का माहौल बना रहा। प्रतिमा विसर्जन के समय भक्तों की आंखें नम हो उठीं, लेकिन देवी मां के जयकारों ने पूरे वातावरण को भक्ति से भर दिया। मां ज्वालामुखी मंदिर सदस्य आकाश शर्मा, स्कन्द सोनी ने सभी को चुनरी, मालाएं और बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही नवरात्र के दौरान दिन-रात मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले समिति के दर्जनों कार्यकर्ताओं को भी बैज लगाकर सम्मानित किया गया।विधायक मरावी ने दी बधाई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि ३दशहरा उत्सव हमारी संस्कृति और परंपरा को जीवंत करता है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं।३ उन्होंने समिति और प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और नगरवासियों को विजयदशमी की शुभकामनाएं दीं।दशहरा पर्व और नवरात्रि के 9 दिनों तक धनपुरी थाना प्रभारी गेम सिंह और उनकी पुलिस टीम ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखा। भीड़ को नियंत्रित करने से लेकर विसर्जन जुलूस तक, हर स्थान पर पुलिस की सतर्कता दिखी। समिति ने पुलिस प्रशासन का विशेष आभार व्यक्त करते हुए आगे भी इसी सहयोग की अपेक्षा जताई।



# शारदीय नवरात्र महोत्सव का समापन

### विजयादशमी पर विशाल भंडारे और वस्त्र वितरण के साथ पूर्णाहुति

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** माँ नर्मदा की पावन जन्मस्थली अमरकंटक स्थित श्री कल्याण सेवा आश्रम में आयोजित नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र महोत्सव का समापन विजयादशमी (दशहरा) के पावन पर्व पर भव्य और आध्यात्मिक माहौल में हुआ। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, देवी अभिषेक, ध्वजारोहण और विशाल भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। आश्रम में पूरे नौ दिनों तक श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अनुपम संगम देखने को मिला। माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना प्रतिदिन शास्त्रोक्त विधि-विधान से सम्पन्न हुई।

#### प्रमुख अनुष्ठान

नवदुर्गा पूजाः आदिशक्ति माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना एवं विशेष साधनाएँ। वैदिक अनुष्ठानः चंडी पाठ, श्रीसूक्त पाठ, निशा हवन, खड्ग आरती और महाआरती ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया। विशेष अभिषेकः विजयादशमी पर देवी राजराजेश्वरी पारंबा आदिशक्ति का विशेष अभिषेक, बनारस से पधारे प्रख्यात आचार्यों एवं विद्वानों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। ध्वजारोहणः ध्वजा साहब को नया ध्वज पहनाकर विशेष पूजा के साथ पुनः प्रतिष्ठित किया गया। देवी भागवत कथाः प्रतिदिन संध्या 3 से 7 बजे तक देवी भागवत पुराण कथा का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने रसपान किया।

#### संतों की उपस्थिति और दिव्य आरती

इस महोत्सव में सैकड़ों साधु-संत, महात्मा और तपस्वीजन उपस्थित रहे, जिससे यह आयोजन एक विशाल आध्यात्मिक कुंभ का रूप ले सका। उनके लिए फलाहार और भोजन की विशेष व्यवस्था की गई। आश्रम के परम तपस्वी वीतराग बाबा कल्याण दास महाराज की संध्या आरती और प्रबंध न्यासी हिमाद्रि मुनि महाराज की खड्ग आरती भक्तों के लिए विशेष आकर्षण रही। विजयादशमी के अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आसपास के ग्रामीण अंचल से आए लोगों को साड़ी और कंबल भी वितरित किए गए। आश्रम के प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्रि मुनि महाराज ने बताया कि प्रतिवर्ष वनवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को भंडारे में आमंत्रित किया जाता है तथा श्रद्धा अनुसार साड़ी, वस्त्र और गर्म कपड़े भी वितरित किए जाते हैं। यह सब बाबा कल्याण दास के आशीर्वाद और पारंबा माँ नर्मदा की कृपा से संभव हो पाता है।

#### संत महापुरुषों की गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर स्वामी हिमाद्रि मुनि महाराज, स्वामी जगदीश आनंद महाराज, स्वामी धर्मानंद महाराज, स्वामी हारस्वरूप महाराज, स्वामी भरत दास महाराज, महंत अयोध्या स्वामी प्रणाम मुनि महाराज, महंत अंबिकापुर आश्रम स्वामी शांतानंद महाराज, स्वामी रामस्वरूप महाराज, स्वामी महादेवानंद महाराज, स्वामी सुंदरानंद महाराज, राजा बाबा महाराज एवं भगत जगत सहित सैकड़ों संत-समाज उपस्थित रहे और उन्होंने भक्तजनों के साथ नवरात्र महोत्सव की भव्यता का आनंद लिया। इस प्रकार, नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र महोत्सव का समापन विजयादशमी पर भक्ति, साधना, भंडारे और वस्त्र वितरण के साथ आध्यात्मिक उल्लास में सम्पन्न हुआ।

### भक्ति, साधना और उल्लास का अद्भुत संगम

# विजय का प्रतीक दशहरा पर्व उत्साह के साथ संपन्न

#### जिला मुख्यालय मे अव्यवस्था रही हावी, देर रात तक कुण्ड में नपा भरती रही पानी

जिले में गुरुवार को शारदेय नवरात्रि के 10वें दिन विजयादशमी का पर्व शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया। साथ ही, आदिशक्ति माता दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया गया। अनूपपुर में नगर पालिका की ओर से उत्कृष्ट स्कूल के मैदान में रावण दहन किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों और नागरिकों की उपस्थिति में 35 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। मंच पर उपस्थित राम-लक्ष्मण और वशिष्ठ गुरु की अगुआई में रावण का वध किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। जिले भर में माता दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन जिला प्रशासन और जनभागीदारी से बनाए गए स्थायी और अस्थायी कुंडों में कराया गया।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर





गुरुवार को मां दुर्गा प्रतिमाएं उठाई गई। श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर दिखा, युवाओं एवं महिलाओं की भीड़ विसर्जन यात्रा में भक्ति गीतों पर नृत्य करती रही। मां के जयघोष से पूरा वतावरण गुंजायमान रहा। माँ जगदंबा की शोभा यात्रा निकली तो आस्था का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। हर कोई भक्ति गीतों पर झूमते दिखाई दिए।

#### विसर्जन से पहले निकाली गई शोभायात्रा

जिले भर मे विसर्जन से पहले चल समारोह जूलूस निकाली गई। भक्तों का जन सैलाव उमड पडा। कोतमा मे मां के भक्ति गीतों के बीच चल जुलूस शारदा काली मंदिर से पंचायती मंदिर स्टेशन चौक पुराना अस्पताल रोड पुराना स्टेट बैंक चौक गांधी चौक महावीर मार्ग आजाद चौक मुखर्जी चौक होते हुए ठाकुर बाबा धाम मैदान पहुंचा उसके बाद विसर्जन कुंड स्थल पहुंचा। नौ दिन नवरात्र दसम दिन विदाई जय जय अम्बे, जय जगदम्बे गीतों के बीच श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर रहा। हर भक्त की आंख नम थी।

#### जगह-जगह भंडारे का आयोजन

चल समारोह जुलूस में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। समाजसेवी व्यापारी युवाओं के द्वारा जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। नगर पालिका कोतमा के द्वारा बुढानपुर रोड में बनाये गए कुंड में क्रेन के माध्यम से विसर्जन करवाया गया। विसर्जन स्थल पर नपा के द्वारा सारी व्यवस्थाएं की गई थी। कुंड स्थल पर नपा अध्यक्ष अजय सराफ तहसीलदार दशरथ सिंह पटवारी अभिमन्यु पाल सिंह उपस्थित थे। नपा के कर्मचारियों को भी तैनात किया गया था। विसर्जन स्थल पर एसडीएम अजीत तिर्की, एसडीओपी आरती शाक्य, थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल, सीएमओ प्रदीप झारिया सहित पुलिस कर्मी मौजूद थे।

#### पानी का पड़ा अकाल, देर रात तक टैंकर से कुण्ड मे भरा गया पानी

जिला मुख्यालय मे नगर पालिका प्रशासन द्वारा अस्थाई कुण्ड जो पूर्व मे नये बस स्टैण्ड के पास था उसे हटाकर पाली टेक्निक कालेज के पास अस्थाई कुण्ड बनाया गया जो पूरी तरह से सुरक्षा की दृष्टिकोण से सुरक्षित नही था। पानी गिर जाने के बाद विसर्जन के लिए जा रही मूर्तियां कच्ची सडक होने के कारण हिचकोले खाते और मुश्किल से कुण्ड स्थल तक पहुंची वही दूसरी तरफ जिन मूर्तियां की ऊंचाई ज्यादा थी उन्हे नये बस स्टैण्ड के पुराने कुण्ड मे ही करने को कहा गया विशेषकर ग्राम खांडा से आई काली जी की 15 फिट से उंची मूर्ति रेलवे के अण्डर ब्रिज निकलने मे दिक्कत होने के कारण पुराने कुंड मे ही विसर्जन कराने को कहा गया, लेकिन अव्यवस्था इतनी थी कि न वहां पर नगर पालिका द्वारा अस्थाई रोशनी की व्यवस्था की गई थी न ही सुरक्षा के मापदण्ड कोई व्यवस्था थी जिससे सुबह 4 बजे तक नगर पालिका के टैंकरों से अस्थाई कुंड पर पानी भरवाया गया जिससे विसर्जन करने आये युवाओं मे काफी आक्रोश देखा गया। आक्रोश इतना ज्यादा था कि वहां पर खड़े लोग नपा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। अव्यवस्थाओं का आलम इतना था कि 35 फिट उंचा बनाया गया रावण जिला प्रशासन के निर्देश के बाद भी दो मिनट के अंदर धू धू कर जल गया, जिससे लोगों ने एक बार पुनः नपा प्रशासन को कोसते हुये अपने अपने घरों की ओर रवाना हो गये।

#### पुलिस अधीक्षक ने स्वयं संभाला मोर्चा

देर रात लगभग 12 बजे खांडा से आई काली जी की 17 फिट उंची प्रतिमा अण्डर ब्रिज से निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन मूर्ति की उंचाई अधिक होने के कारण अण्डर ब्रिज से नही निकल पा रही थी जिस कारण दोनों ओर लगभग एक घंटे तक लंबा जाम लग गया जिसको देखते हुये स्वयं अनूपपुर जिले के पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान स्थल मे खडे होकर जाम खुलवाने के लिए भरसक प्रयास किये जहां यातायात बाधित होने के कारण लोगों मे काफी आक्रोश था, लेकिन पुलिस अधीक्षक की सूझ बूझ का परिणाम था कि कोई भी लाइन आर्डर की स्थिति पैदा नही हुई और उनके सूझ बूझ के कारण जाम खुला। खांडा से आई मूर्ति को वापस पुराने कुंड मे विसर्जन करने की अनुमति दी गई। पुलिस की इस अनुपम सूझ बूझ के निर्णय जिससे शहर मे शांति व्यवस्था कायम रही। लोगों ने मोतीउर रहमान की भूरि भूरि प्रशंसा की।

#### आकर्षण का केंद्र खप्पर नृत्य

अनूपपुर मुख्यालय के अलावा कोतमा, बिजुरी, राजनगर, पसान, जैतहरी, वैकटनगर, चचाई, राजेंद्रग्राम और अमरकंटक सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटी-बड़ी प्रतिमाओं की झांकियां निकाली गई। इन आयोजनों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात रहे। सभी स्थानों पर दशहरा पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन चल जुलूस में काली जी का खप्पर नृत्य मुख्य आकर्षण रहा। चल जुलूस में कोतमा सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र से श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ रही सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए तहसीलदार दशरथ सिंह थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल पटवारी अभिमन्यु पाल सहित पुलिस प्रशासन जुलूस के साथ चल रहे थे।

#### अहंकार का जला पुतला

असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। अनूपपुर मुख्यालय मे 35 फिट के लंकेश के पुतले का दहन किया गया वह नगर पालिका कोतमा के द्वारा ठाकुर बाबा धाम मंदिर के पास मैदान में 40 फिट रावण के पुतला बनवाया गया था। रावण दहन स्थल पर जनसमूह के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जयघोष लगा रहे थे। भगवान श्री राम ने अहंकार का बंध करते हुए अहंकार के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया।

#### जिला मुख्यालय में अव्यवस्था रही हावी

जिले मुख्यालय की नगर पालिका अनूपपुर को छोड़कर अन्य नगर पालिकाओं, ग्रामीण क्षेत्रों मे व्यवस्थित तरीके से विजयादशमी का पर्व मनाया गया, लेकिन नगर पालिका अनूपपुर मे अव्यवस्था चरम पर रही। यहां पूर्व वर्षों की तरह इस बार विसर्जन कुण्ड नये बस स्टैण्ड के पास न बनाकर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप बनाया गया था वही विसर्जन कुण्ड तक दुर्गा प्रतिमाओं को पहुंचाने की भी माकूल व्यवस्था नही की गई थी। रात मे जब जुलूस निकला तो एक बड़ी काली जी की मूर्ति शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप बनाये गये कुण्ड पहुंचने से पहले अण्डर ब्रिज मे फंस गई जिसके बाद मूर्ति वापस लाया गया और आनन फानन मे नये बस स्टैण्ड के पास विसर्जन कुण्ड मे पानी भरा गया, लेकिन पर्याप्त पानी फिर भी नही रहा। कुंड मे सुबह 4 बजे तक पानी भी भरता रहा, लेकिन श्रद्धालु थोड़े पानी मे ही श्रद्धालुओं ने मूर्ति विसर्जित की। इस दौरान गुस्साये लोगों ने देर रात तक नगर पालिका के खिलाफ आ्रक्रोशित होकर नारेबाजी करते रहे।

#### रात भर होता रहा हुड़दंग

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के नाम पर कुछ लोग रात भर नगर की सडकों पर हुडदंग करते रहे। यह आम नागरिकों के लिये बिल्कुल उचित नहीं है कि सब काम छोड कर पुलिस और प्रशासन ऐसे लोगों को ना रोके। आने वाले समय मे मूर्ति निर्माताओं को पंजीकृत करके उन्हे तयशुदा ऊंचाई की प्रतिमा बनाने के लिये आदेशित करना होगा। प्रतिमा विसर्जन रात्रि 10-11 के बाद सख्ती से प्रतिबंधित होना चाहिए। फूहड गानों मे नशे मे धुत्त लोगों के नाचने, हुल्लड मचाने पर भी सख्ती होनी चाहिए।

# विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन संपन्न

#### तीन पीढियों ने एक साथ हिस्सा लेकर पेश की मिसाल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनूपपुर विजया दशमी के पावन अवसर पर सेवा भारती कार्यालय, अनूपपुर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा भव्य पथ संचलन आयोजित हुआ। संघ शताब्दी वर्ष के प्रथम उत्सव में स्वयंसेवकों का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। अनूपपुर नगर में विजया दशमी के अवसर पर सुबह 10 बजे सेवा भारती कार्यालय में विधि-विधान से शस्त्र पूजन संपन्न हुआ परम पूज्य भगवा ध्वज की प्रार्थना सभी स्वयं सेवकों ने की शाखा लगाने के तत्पश्चात, नगर एवं चेतना बढ़ती के 100 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने गणवेश धारण कर सेवा भारती कार्यालय से विवेकानंद स्मार्ट सिटी तक पथ संचलन किया। स्वयंसेवक चार पंक्तियों में अनुशासित ढंग से आगे बढ़े। इस दौरान संघ गीत गाए गए और भारत माता के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। उत्साहित स्वयंसेवकों का यह पथ संचलन विवेकानंद स्मार्ट सिटी तक पहुंचा, जहां सभी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक दीपक ने विजया दशमी पर्व और संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सभी स्वयंसेवकों को बौद्धिक प्रदान किया। साथ ही, सभी स्वयंसेवक बंधुओं को जिला संघ चालक माननीय राजेंद्र तिवारी जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। यह आयोजन संघ शताब्दी वर्ष के प्रारंभिक उत्सवों में स्वयंसेवकों के समर्पण और उत्साह को दर्शाता है।



#### तीन पीढियों ने एक साथ लिया हिस्सा

जिला मुख्यालय अनूपपुर में आयोजित हुए पथ संचलन के दौरान तीन पीढ़ियों के स्वयंसेवकों ने एक साथ हिस्सा लेकर मिसाल पेश की है। 2 अक्टूबर को अनूपपुर में विजयादशमी के अवसर पर यह दृश्य देखने को मिला,जहाँ वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद अग्रवाल ने भी इस पथ संचलन में भाग लिया।इस अवसर पर उनके एक ही परिवार की तीन पीढ़ियाँ,जिनमें मूलचंद अग्रवाल स्वयं उनके पुत्र राकेश अग्रवाल एवं राकेश अग्रवाल के पुत्र अक्षत अग्रवाल (वंश)एक साथ पूर्ण गणवेश में संचालन करते देखे गए।कार्यक्रम के दौरान तीनों पीढ़ियाँ संघ की पारंपरिक गणवेश सफेद शर्ट,खाकी फुल पैंट और काली टोपी धारण की।हाथ में दंड लेकर उन्होंने पथ संचालन में भाग लिया। यह तस्वीर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा और राष्ट्र सेवा के प्रति परिवार के सदस्यों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है,जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद अग्रवाल 12 वर्ष की उम्र में ही आरएसएस में शामिल हो गए थे।



## हिंदू परिषद व बजरंग दल ने किया शस्त्र पूजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अनूपपुर के तत्वावधान में अमन चौक भालूमाड़ा में भव्य शस्त्र पूजन एवं सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सभी सनातनी हिंदू भाइयों ने विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया और सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर समाज में धार्मिक एकता एवं जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संभाग महामंत्री अमित सिंह, जिला अध्यक्ष राजा बाबू शर्मा, जिला महामंत्री शिवकुमार बाहुबलि सिंह, जिला अध्यक्ष (एडवोकेट फोरम) विवेक शर्मा, जिला मंत्री प्रमोद गौतम, जिला मंत्री संतोष केवट, जिला मंत्री संजय उपाध्याय, ब्लॉक अध्यक्ष कोतमा सूरज प्रसाद, ग्राम अध्यक्ष कन्हैया केवट, ग्राम उपाध्यक्ष प्रेम केवट, ललित साहू, चंद्रगोपाल कुशवाहा, मुस्कु, विमल, आशु, आकाश, चंदन जायसवाल, बादल, अभय, अजय, मदन यादव, राकेश पटेल, राकेश साहू, दुर्गेश यादव, भारत, करण सिंह, राम भवन, सूरज चंद्रवंशी, रवि टांडिया, राकेश कुमार, दीपक विश्वकर्मा, रोहित मिश्रा, परदेसी कॉल, धर्मेंद्र कॉल, अनिल तुलसी, दीपक एवं नगर मंत्री सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मात्र शक्तियां भी विशेष रूप से मौजूद रहीं और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। अंत में सभी नगरवासियों के सहयोग और सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने शक्ति पर्व में दिखाई अपनी शक्ति

#### 69 वर्ष के इतिहास में पहली बार 365 दिन लगातार विद्युत उत्पादन करने का बनाया रिकॉर्ड

#### 95.43 फ़ीसदी का शानदार पीएलएफ

**हरिभूमि न्यूज चचाई।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश ऊर्जा उत्पादन में नई नई उपलब्धियां अर्जित कर रहा है। नवरात्रि के शक्ति पर्व में मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट यूनिट ने पूरे एक वर्ष 365 दिन निर्वाध रूप से विद्युत उत्पादन कर इतिहास रच दिया है। मध्य प्रदेश के पुनर्गठन के 69 वर्ष के कार्यकाल में ऐसी उपलब्धि हासिल करना अपने आप में ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर एवं वरिष्ठ अधिकारियों और ताप विद्युत गृह के अभियंताओं और कर्मियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के अभियंताओं व तकनीकी कर्मियों की कड़ी मेहनत प्रतिबद्धता समर्पण व शक्ति ने आज वह कमाल कर दिखाया जिसकी कल्पना प्रदेश के पुनर्गठन के बाद 69 वर्ष के इतिहास में नहीं की गई थी। ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट यूनिट ने जैसे ही सतत विद्युत उत्पादन करते हुए गत रात्रि ठीक 12:00 बजे प्रविष्ट हुई वैसे ही पूरी यूनिट के अभियंता व तकनीकी कर्मिक खुशी से झूम उठे। चचाई की इस यूनिट ने तत्कालीन मध्य प्रदेश विद्युत मंडल व मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल और मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के 69 वर्ष के इतिहास में ऐसी प्रथम ताप विद्युत उत्पादन यूनिट होने का तमगा हासिल किया जिसने लगातार व निर्वाध रूप से 365 दिन यानी की 1 वर्ष तक विद्युत उत्पादन किया है। यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से लगातार विद्युत उत्पादन कर रही है इस यूनिट के लगातार 1 वर्ष तक निर्वाध रूप से विद्युत उत्पादन करने से यह धारणा भी खंडित हुई कि मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की ताप विद्युत यूनिट ऐसा शानदार प्रदर्शन कर ही नहीं सकती।

#### ऐतिहासिक उपलब्धि गौरव की बात

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि यह उपलब्धि हासिल करना अत्यंत गौरव की बात है इसे राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ सिद्ध हुई और सकारात्मक छवि बनी है उन्होंने अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई कंपनी के एमडी



सहित सभी अभियंताओं और सहयोगी स्टाफ को बधाई दी है। अमरकंटक की 210 मेगावाट की यूनिट ने जिस समय 365 दिन सतत विद्युत उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया तब इसने 95.43 प्रतिशत का शानदार प्लांट लोड फैक्टर 98.26 फीसदी प्लांट उपलब्धता फैक्टर (पीएएफ )और 9.15 प्रतिशत ऑग्ज़लरी कंजम्पशन की उपलब्धि हासिल की।

#### ऑपरेशन व मेंटेनेंस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका

इस यूनिट का 1 वर्ष तक लगातार व निर्वाध रूप से विद्युत उत्पादन करना एक चुनौती पूर्ण कार्य था लेकिन अमरकंटक ताप विद्युत गृह के इस सफलता के पीछे ऑपरेशन और मेंटेनेंस टीमों की भूमिका महत्वपूर्ण रही दोनों टीमों ने समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन कर इस उपलब्धि को हासिल किया। मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि यूनिट के संचालन की जटिलताओं को इतनी कुशलता से प्रबंध करना अमरकंटक ताप विद्युत गृह के पेशेवर नजरिया व विशेषज्ञता का प्रमाण है। इससे स्पष्ट होता है कि पावर जनरेटिंग कंपनी के अभियंता व तकनीकी कार्मिक न केवल अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं बल्कि कंपनी के उत्कृष्टता मानकों को बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के मुख्य अभियंता तनवीर अहमद ने इस 210 मेगावाट यूनिट के लगातार 365 दिन निर्वाध रूप से विद्युत उत्पादन करने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्युत गृह के समस्त अभियंताओं कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों को हार्दिक बधाई दी है यह उपलब्धि को स्वर्णिम कीर्तिमान स्थापित किया है।

# पुलिस लाइन अनूपपुर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में दिनांक 02.10.2025 को पुलिस लाइन, बरबसपुर, अनूपपुर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिलीप जायसवाल (राज्य मंत्री) उपस्थित रहे। शस्त्र पूजन के दौरान पारंपरिक विधि-विधान से शस्त्रों एवं वाहनों का पूजन किया गया तथा पुलिस बल द्वारा समाज में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिलीप जायसवाल (राज्य मंत्री) जज के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जन को संबोधित करते हुए असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व की महत्व एवं मनाए जाने के परम्परागत कारणों पर प्रकाश डाला, साथ ही सभी को दशहरा पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल, जिला कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पांचोली, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी एवं जगन्नाथ मरकाम सहित जिले के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार बंधु एवं पुलिस परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।



## वनविभाग ने लकड़ी के अवैध परिवहन करते जप्त की पिकअप

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** वनविभाग द्वारा बडहर से किरर मार्ग पर विगत रात एक पिकप को अवैध रुप से लकडियो लाद कर अवैध परिवहन करने की सूचना पर जप्त कर कार्यवाही की है अवैध परिवहन की जा रही लकड़ी खैर (कत्था) प्रजाति की बताई गई है। इस संबंध में परिक्षेत्र सहायक किरर रिचर्ड रेगी राव ने बताया कि विगत रात मुखबिर से इस आशय की सूचना प्राप्त की एक पिकप वाहन में लकड़ी का अवैधानिक रूप से बिना किसी दस्तावेज़ के परिवहन किया जा रहा है सूचना के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए अधिकारियों निर्देश पर वनरक्षक किरर हरिशंकर महरा,वनरक्षक बडहर हरिनारायण पटेल एवं वन चौकी किरर के स्टाफ वनपाल रामेश्वर दास बैगा एवं अन्य को लेकर नाकाबंदी की गई इस दौरान पिकप बडहर एवं किरर मार्ग के मध्य सिद्धबाबा के पास दिखने पर पास में पहुंचकर तलाशी लिए जाने पर वाहन चालक एवं अन्य कोई व्यक्ति नहीं मिला पिकप वाहन में खैर (कत्था) प्रजाति का लगभग दो चट्टा लकड़ी का होना पाया गया जिसे वनचौकी परिसर किरर लगाकर खड़ा कर अज्ञात के



विरुद्ध अवैध परिवहन का वन अपराध दर्ज किया गया है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि विगत दो माह से अनूपपुर जिले के बडहर,अकुआ,डिडवापानी,पटपरहा शहडोल जिले के खोह ग्रामों सहित अनेको ग्रामीण क्षेत्रों में लकड़ी के ठेकेदारों द्वारा बगैर किसी सक्षम अधिकारी के अनुमति प्राप्त किए बिना राजस्व के निजी पट्टाधारक जनजातीय समुदाय के भोले भाले ग्रामीणो से संपर्क कर कम कीमत में खैर (कत्था) प्रजाति के हरे भरे वृक्षों को खरीद कर मशीनों से काट कर अवैधानिक रूप से रात के समय परिवहन किया जा रहा है।